संपादक :- रंजीत सिंह RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 12 मेरठ, मंगलवार, 14 जुलाई 2026 पृष्ठः 04 मूल्य : एक रूपया

# कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे समेत 4,850 करोड़ की तीन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

» एजेंसी। लखनऊ




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उत्तर व दक्षिण जिलों में विकास की नई बयार बहेगी। इन जिलों को बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से जोड़ने की योजना को स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही 5 लाख की आबादी वाले हर शहर में एक बाईपास होगा और हर जिला मुख्यालय फोरलेन से जुड़ेगा। इस योजना पर भी केंद्र सरकार की स्वीकृति मिल गई है। कुल मिलाकर करीब 60 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। मुख्यमंत्री सोमवार को लखनऊ में राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 4,850 करोड़ रुपये से अधिक लागत की तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। लोकार्पण में कानपुर-लखनऊ सिक्स-लेन एक्सप्रेसवे का निर्माण व हरदोई लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग (पैकेज-4) का फोर-लेन निर्माण और शिलान्यास में इंजीनियरिंग कॉलेज चौहारे पर फोर-लेन फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शामिल है। इससे पहले उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ उन्नाव में कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का फीता खोलकर उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी ने उत्तर प्रदेश की सड़कों व इंफ्रास्ट्रक्चर की समीक्षा की। इस दौरान उत्तर प्रदेश को लगभग 60 हजार करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं को सहमति व स्वीकृति मिली है। पूर्व से पश्चिम तक हमारे पास बेहतरीन कनेक्टिविटी हो गई है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे इसमें मुख्य हैं। अब उत्तर से दक्षिण की कनेक्टिविटी के लिए कुछ नए क्षेत्र चिह्नित किए गए हैं। इसके साथ ही 5 लाख की आबादी वाले हर शहर में एक बाईपास और हर जिला मुख्यालय को फोर-लेन से जोड़ने की योजना पर भी केंद्रीय मंत्री की स्वीकृति मिल गई है। गडकरी जी की डिक्शनरी में विकास परियोजनाओं के लिए ह्यनाह्न शब्द नहीं है। वह बड़े से बड़े कार्य को धरातल पर उतारने के लिए हमेशा प्रभावी भूमिका के साथ आगे बढ़ते रहे हैं।

सीएम ने कहा कि बीमारू राज्य के रूप में जाना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज अपने आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, सुशासन, बेहतरीन सुरक्षा की वजह से पहचाना जाता है। पहले यूपी पहचान के संकट से गुजर रहा था। न नीति थी और न ही नीयत। पिछली सरकारों ने एक संकुचित सोच के साथ, कुछ सीमित दायरे में विकास की सोच के साथ और विभाजनकारी राजनीति की विकृत अवधारणा के साथ उत्तर प्रदेश को उपद्रव, कर्फ्यू और दंगाग्रस्त बना दिया था। माफियाओं के सामने लाचार सरकारों ने यूपी को बीमारू राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर दिया था। अब प्रदेशवासियों के सामने पहचान का संकट नहीं है। अब उनके सामने उपद्रव नहीं होता, अब उत्सव हमारी पहचान है।

## अपराधियों के लिए यूपी में जगह नहीं, करें सख्त कार्रवाई: योगी



» एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए हर फरियादी से मुलाकात की, उनकी शिकायत सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। अवैध कब्जे से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायत मिलने पर ऐसे मामलों की सख्ती से जांचकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। धमकी के मामले में मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों के लिए यूपी में कोई जगह नहीं है, पुलिस ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करे।

मुख्यमंत्री योगी के समक्ष अवैध कब्जे से जुड़े मामले आये। पीड़ितों ने आरोपियों पर धमकी देने का भी आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने फरियादियों के प्रार्थना पत्र लेकर शासन के अधिकारियों को प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। अवैध कब्जा करने व धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। साथ ही अपराध व कब्जे से जुड़े मामलों की विवेचना में तेजी कर पीड़ितों को ससमय न्याय और दोषियों को दंड दिलाया जाय।

गाजियाबाद, मेरठ व नोएडा से जुड़े एक बिल्डर की शिकायत भी 'जनता दर्शन' के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंची। पीड़ितों ने बताया कि बिल्डर ने एक ही फ्लैट कई लोगों को रजिस्ट्री कर दिया है। इस पर मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण को गम्भीरता से लिया और कहा कि जांच में बिल्डर के दोषी मिलने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाय।

## उप्र की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही हैं विकास परियोजनाएं : जयवीर

» एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास को नई गति मिल रही है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में संस्कृति विभाग की लगभग 119.47 करोड़ रुपये की लागत वाली 21 महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। इनमें रामलीला स्थलों का विकास, सांस्कृतिक केंद्र, स्मारक, संग्रहालय, संगीत महाविद्यालय और नाट्य संस्थानों के आधुनिकीकरण जैसी परियोजनाएं शामिल हैं, जो प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती देने के साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी। और जल्द ही ये सभी परियोजनाएं जनमानस के लिए लोकार्पित की जाएंगी। इस पर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, विभाग की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के अनुसार मैनपुरी, गोरखपुर, बांदा, फिरोजाबाद, हरदोई, कुशीनगर, प्रतापगढ़, अलीगढ़, बलिया और अन्य जनपदों में सार्वजनिक रामलीला स्थलों के सौंदर्यीकरण, बाउंड्रीवाल, मंच, गेट, शेड, छाया कुंज और अन्य विकास कार्य पूरे हो चुके हैं।

## 11 दिवसीय शूकर पालन प्रशिक्षण का आयोजन



» एजेंसी। गुरुग्राम

पशुपालन एवं डेयरी विभाग गुरुग्राम के उपनिदेशक डॉ नरेन्द्र यादव के दिशा निर्देशों तथा उप मंडल अधिकारी डॉ दलबीर की देखरेख में 11 दिवसीय शूकर पालन प्रशिक्षण का आयोजन 1 जुलाई से 11 जुलाई 2026 तक मानेसर स्थित पशु चिकित्सालय में संपन्न किया गया। शूकर पालन प्रशिक्षण में अलग अलग विषय पर प्रति दिन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण प्रदान करने वाले सहभागी डॉक्टर थे सर्वश्री डॉ. कर्णसिंह, डॉ. शशि यादव, डॉ. संदीप सहरावत, डॉ. कविता चौधरी, डॉ. नीतू बाला, इंदू बाला, डॉ. वर्षिणी, डॉ. मुकेश कुमारी और नोडल अधिकारी, वेटनरी डॉक्टर सतपाल बोडवाल। डॉक्टर सतपाल ने मीडिया को बताया कि ये 11 दिवसीय प्रशिक्षण हरियाणा सरकार की किसानों को उन्नत करने व स्वरोजगार योजना आदि के तहत सहायता प्रदान करना है। इससे किसान को बैंक द्वारा सब्सिडी ऋण व सरकारी योजना के तहत सहायता मिलती है। प्रशिक्षण में बताया गया कि शूकरों का अच्छे से कैसे पालन किया जाता है और उनके खान-पान व रहन सहन का रख रखाव कैसे किया जाता है। इनके पालन में कितना क्षेत्र उचित होगा। बीमारी से बचाव कैसे करना चाहिए और इनकी मार्केटिंग आदि कैसे और कहां कहां की जा सकती है। प्रशिक्षण में शामिल किसानों ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उन्हें मानेसर में सूकर पालन के बारे में बहुत अच्छे से जानकारी देकर सिखाया गया है और अब हम सरकार की योजना का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर में सुधार करते हुए जीवन को सफलता की ऊंचाईयों तक ले जा सकते हैं।

## आप के सुंदरकांड पाठ से भाजपा परेशान : संजय सिंह

» एजेंसी। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ सुंदरकांड का पाठ किए जाने से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) परेशान है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन को लेकर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया से ऐसा प्रतीत होता है कि मानो पूजा-पाठ करने के लिए भी लोगों को भाजपा से अनुमति लेनी पड़ेगी। संजय सिंह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी कर कहा कि रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल के साथ सुंदरकांड का पाठ किया और प्रभु बजरंगबली से कथित चंदा घोटाले के खिलाफ कार्रवाई की प्रार्थना की। इसके बाद भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर इस आयोजन की आलोचना शुरू कर दी। आप सांसद ने कहा कि पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान करना हर नागरिक का अधिकार है।

## ऑल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन के बैनर तले निजीकरण का विरोध



» एजेंसी। गुरुग्राम

गुरुग्राम व नूंह सर्कल की समानंतर बिजली चलाने का लाईसेंस प्राईवेट कंपनी को दिये जाने विरोध में प्रदर्शन किया गया। युनियन ने सरकार द्वारा निजी कंपनी को लाइसेंस देने के विरोध स्वरूप HERC को आंदोलन के लिए नोटिस दिया है। बिजली प्रशासन यदि निजीकरण की नीतियों पर आगे बढ़ता है तो इसका प्रबल विरोध किया जाएगा और इसे रोकने के लिए आन्दोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा। यह कथन प्रदर्शन में शामिल वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहे। इस अवसर पर विरोध प्रदर्शन में राज्य उपप्रधान सुदामपाल, राज्य सचिव सुशील शर्मा, राज्य सचिव संजय सैनी ने सम्बोधित किया। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान सतेन्द्र यादव ने की व संचालन दीनदयाल यूनिट सचिव ने किया। कर्मचारियों को अशोक लांबा, कृष्ण यादव, बीरेंद्र यादव, ने भी सम्बोधित किया। गुरुग्राम सर्कल व नूंह डिवीजन को निजी क्षेत्र में देने के विरोध में लगभग सौ से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर गगनदीप, बलवान, विद्या सागर, रिंकू आदि लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

### निजी स्कूलों का सम्मोहन फिक्र की बात

तमाम विसंगतियों, संसाधनों की कमी, शिक्षकों का पर्याप्त संख्या में न होना तथा समय के साथ कदमताल न कर पाने वाले सरकारी स्कूलों से छात्रों का मोहभंग होना बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। देशभर में स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं, छात्रों के प्रवेश व शिक्षकों के आंकड़ों पर नजर रखने वाले केंद्र के आंकड़ों से पुष्टि हुई कि छात्र सरकारी स्कूलों के विमुख हो रहे हैं और लगातार निजी स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि बीते दो सालों में लगभग 86 लाख छात्र सरकारी स्कूल छोड़कर चले गए। वहीं इसी दौरान प्राइवेट तथा बिना सरकारी मदद वाले मान्यता प्राप्त स्कूलों में 88 लाख नए छात्र शामिल हुए हैं। 'यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस' के अनुसार शुरुआती कक्षा से सेकेंडरी स्तर तक स्कूल में दाखिले में कमी देखी गई है। जो संख्या साल 2023-24 के 24.8 करोड़ से घटकर साल 2025-26 में 24.72 करोड़ हो गई है। वहीं दूसरी ओर सरकारी स्कूलों में दाखिले तेजी से घटकर 12.75 करोड़ से 11.89 करोड़ हो गए हैं। वैसे ये आंकड़े यह भी बताते हैं कि तमाम कमियों और घटती लोकप्रियता के बावजूद सरकारी स्कूल ज्यादतर लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। निस्संदेह, ऐसे में सरकारों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिये गंभीर प्रयास किए जाएं। यह हकीकत है कि जमीनी स्थिति के बारे में कहा जा सकता है कि अभी तक अच्छी शिक्षा की गुणवत्ता का वायदा पूरा नहीं हो पाया है। हाल ही में सामने आए आंकड़ों का एक सकारात्मक पक्ष यह है कि सेकेंडरी स्तर पर स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में कुछ कमी जरूर आई है। वहीं दूसरी ओर शून्य दाखिले वाले स्कूलों की संख्या 12,954 से घटकर 5,663 हो गई है। इसके साथ ही एक शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या 1.11 लाख से घटकर 1.01 लाख हो गई है। दूसरी तरफ अब शिक्षकों की कुल संख्या 1.03 करोड़ है, जिसके चलते छात्र-शिक्षक अनुपात 25 से घटकर 24 हो गया है। वहीं लड़कियों की भागीदारी भी बढ़कर 48.4 होना उत्साहवर्धक कहा जा सकता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि स्कूलों में दिव्यांग छात्रों के लिये संरचनात्मक सुविधाएं, छात्राओं के लिये शौचालय, हाथ धोने तथा पीने के पानी की व्यवस्था में उत्साहजनक सुधार हुआ है। हालांकि, जमीनी स्तर पर दावों की हकीकत तार्किक कसौटी पर खरी उतरनी चाहिए। सही मायने में किसी सुविधा का उपलब्ध होना और उसका सही तरीके से इस्तेमाल होना दो अलग चीजें हैं। लेकिन देश के नीति-नियंताओं को समझना चाहिए कि समाज में जिस वर्ग को शिक्षा की अधिक आवश्यकता है, वही सरकारी स्कूलों पर अधिक निर्भर है।

# जनता के काम में लापरवाही और समय की अनदेखी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी: विक्रमादित्य सिंह

» संवाददाता



गाजियाबाद। नगर निगम मुख्यालय में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने ठीक सुबह 10 बजे औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विभागों में अधिकारियों, बाबुओं, लिपिकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों की कुर्सियां खाली मिलने पर नगर आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही उपस्थिति रजिस्टर की जांच की और लगातार देरी से कार्यालय पहुंचने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए। नगर आयुक्त ने ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने, स्पष्टीकरण लेने तथा भविष्य में समयपालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रभारी अधिष्ठान एवं अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने एक-एक विभाग का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों की उपस्थिति का मिलान रजिस्टर से किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर निगम में समय पर उपस्थिति केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेही का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जो कर्मचारी नियमित रूप से देरी से कार्यालय पहुंच रहे हैं, उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

नगर आयुक्त को पूर्व में स्वास्थ्य विभाग, पेंशन विभाग, आरटीआई विभाग और संपत्ति विभाग के संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई अधिकारी एवं कर्मचारी समय से कार्यालय नहीं पहुंचते, जिससे आम नागरिकों के कार्य प्रभावित होते हैं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर यह औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कई विभागों में कर्मचारी निर्धारित समय तक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर नगर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाया। अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव ने बताया कि अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं, लेकिन कुछ कर्मचारी लगातार समयपालन की अनदेखी कर रहे हैं। ऐसे मामलों में अब नियमित निगरानी की जाएगी और यदि कोई कर्मचारी बार-बार देर से आता है तो उसके विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समयपालन प्रशासनिक अनुशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सामान्य अधिष्ठान के दो लिपिक, पेंशन विभाग के दो बाबू, विधि विभाग के एक लिपिक तथा स्वास्थ्य, निर्माण और लेखा विभाग के कुछ कर्मचारी, बाबू एवं कंप्यूटर ऑपरेटर निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं मिले। नगर आयुक्त ने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि सभी से तत्काल स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए और नियमानुसार एक दिन का वेतन रोका जाए।

# छात्रों ने मेडिकल कॉलेज में किया पौधरोपण




» संवाददाता

बिजनौर। मेडिकल कॉलेज स्वाहेड़ी में पौधरोपण अभियान में मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार तथा डीएम जसजीत कौर ने विद्यार्थियों के उत्साह और पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। विद्यालय की निदेशक- प्रधानाचार्या डॉ. सीमा विश्वास ने कहा कि विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण की नींव बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मेडिकल कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का संदेश दिया।

# सांसद ने टीबी के 50 मरीजों को लिया गोद

» संवाददाता

बिजनौर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (निक्षय मित्र पहल) के अंतर्गत रालोद सांसद चंदन चौहान ने टीबी के 50 मरीजों को गोद लिया सांसद चंदन चौहान के निर्देश पर रालोद के युवा प्रदेश महासचिव शवम राणा की देख रेख में टीवी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। सोमवार को महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रालोद सांसद चंदन चौहान द्वारा गोद लिए गए। टीवी के 50 मरीजों को रालोद कार्यकर्ताओं की देखरेख में पोषण किट वितरित की गई। पोषण किट में चना, दाल, प्रोटीन पाउडर, बिस्किट एवं अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री शामिल है' सांसद चंदन चौहान के बताया कि प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार, पौष्टिक आहार और जनसहयोग से टीबी पर पूरी तरह विजय प्राप्त की जा सकती है। शिवम राणा ने बताया कि सांसद चंदन चौहान के निर्देश पर मरीजों को पोषण किट वितरित की। प्राचार्य डॉ. तुहिन वशिष्ठ ने कहा कि जन सहयोग से किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। इस अवसर पर टीबी विभाग के डॉ. अभिषेक चौधरी का विशेष योगदान रहा। डॉ. अभिषेक चौधरी स्वयं भी अपने निजी खर्च से अब तक लगभग 150 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें नियमित रूप से प्रोटीन युक्त पोषण सहायता उपलब्ध करा चुके हैं। इस मौके पर सीएमएस डॉ. वी.आर. त्यागी, डॉ. राजीव, डॉ. अभिषेक, टीबी विभाग के अंकित, हिमांशु राणा, राशिद सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं कई नागरिक उपस्थित रहे।

### बैठक में श्रमिकों की समस्याएं उठाईं

» संवाददाता

गाजियाबाद। सीआईटीयू साहिबाबाद की क्षेत्रीय कमेटी के पदाधिकारियों ने सोमवार को संगठन के झंडापुर स्थित कार्यालय में बैठक की। इसमें विभिन्न उद्योगों में श्रमिकों पर हो रहे शोषण और प्रबंधकों के मनमाने रवैये को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बृजेश सिंह चौहान ने एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि प्रबंधकों के मनमाने रवैये के खिलाफ चुप नहीं बैठा जाएगा और जल्द ही बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि तीन कंपनियों ने एनसीआर में कार्यरत 80 पुराने श्रमिकों का रायपुर और जालंधर ट्रांसफर कर दिया।

### रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के लिए जागरूक किया

» संवाददाता

गाजियाबाद। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे लाइन किनारे बसे गावों में रहने वाले लोगों को रेलवे संपत्ति की सुरक्षा करने को लेकर जागरूक किया। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने सभी लोगों से अपील की कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति अगर उन्हें दिखाई देता है तो तत्काल आरपीएफ को सूचना दें, ताकि प्रभावी कार्रवाई समय पर की जा सके। वहीं, आरपीएफ ने रेलवे संपत्ति की सुरक्षा मजबूत करने को आरपीएफ मित्र बनाने का भी निर्णय लिया है।

### भावना जोशी कविता वाचन में अव्वल

» संवाददाता

गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित स्प्रिंग्स डेल्स स्कूल एवं देवप्रभा प्रकाशन, गाजियाबाद ने सोमवार को महाकवि डॉ. कुंअर बेचैन की कविताओं की द्वितीय वाचन प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें 33 विद्यार्थियों ने प्रभावशाली अंदाज में कविताओं का वाचन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। भावना जोशी ने प्रथम, पूर्विका पांडे ने द्वितीय और कशिश ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# ब्राह्मण विकास सेवा समिति ने छात्रों को दिए प्रशस्ति पत्र और पदक

» संवाददाता

चांदपुर। ब्राह्मण विकास सेवा समिति के तत्वाधान में बिहार संस्कृत महाविद्यालय में वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण कक्षा 10 और कक्षा 12 के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को समिति के संरक्षक एवं हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश चंद गौड़ के द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें प्रशस्ति पत्र और पदक देकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश चंद गौड़ ने विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक और समाजसेवी डॉ. सत्येंद्र कुमार शर्मा एवं बिहारी संस्कृत महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. नंद कुमार पाण्डेय जी, आधारशिला द स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता शर्मा एवं ब्राह्मण विकास सेवा समिति के अध्यक्ष श्री कृष्णवीर फौजी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ श्री बिहारी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया विद्यालय प्रधानाचार्य चंद्रशेखर पाठक ने सभी को प्रतिज्ञा कराई। मेधावीछात्र छात्राओं में कक्षा 12 से आधारशिला द स्कूल के छात्र ध्रुव पाण्डेय, रिद्धिमा पाराशर, मनु शर्मा, मानवी शर्मा, नक्ष शर्मा, शुभ वशिष्ठ, हेजलमून की अनिष्का शर्मा, शकुंतला कन्या इंटर कॉलेज से सलोनी, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से अंशिका शर्मा, हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर से बादल शर्मा और तुषार शर्मा, सर्वोदय विद्यापीठ कन्या इंटर कॉलेज सैन्द्वार से इशिका को सम्मानित किया। कक्षा दस के मेधाविायों में आधारशिला द स्कूल से शाम भी भारद्वाज, नंदिनी शर्मा, गार्गी शर्मा, आदित्य शर्मा, भक्ति शर्मा, आदित्य शर्मा, हेजलमून स्कूल से प्रियांशु पारिक, शकुंतला कन्या इंटर कॉलेज से पावनी भारद्वाज, बिहारी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय से वैदेही एवं आशु, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से रिमझिम, हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर से अंश शर्मा, हिमालयन अकेडमी अकौंधा से वंश एवं वैभव को सम्मानित किया।

# कांवड़ की तैयारियों को लेकर पुलिस लाइन में गोष्ठी



» संवाददाता

बिजनौर। सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में आगामी श्रावण मास कांवड़ मेला को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों की संयुक्त गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में कांवड़ यात्रा के दौरान रूट डायवर्जन, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कांवड़ मार्गों पर यातायात सुचारु रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान स्वास्थ्य, परिवहन, रोडवेज, पीडब्ल्यूडी, वन विभाग, रेलवे, खाद्य एवं रसद, आबकारी, एनएचएआई सहित 17 विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने, पीडब्ल्यूडी व एनएचएआई को सड़क मरम्मत एवं संकेतक लगाने, वन विभाग को पेड़ों की छंटाई तथा रेलवे को फाटकों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

**शराब की दुकानों को त्रिपाल से ढका जाए:** आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया है कि कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली सभी शराब की दुकानों को त्रिपाल से ढकने तथा शराब ले जाने वाले वाहनों का संचालन निर्धारित समय में ही करा जाए।

# विधायक अमित अग्रवाल ने की कैंट, नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अफसरों संग मीटिंग

» संवाददाता

मेरठ। आबूनाले में जलप्रवाह में बाधा बनने के प्रमुख कारणों का पता लगाने के लिए कैंट बोर्ड, नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अफसरों के द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को सर्वे किया जाएगा। सर्वे के बाद जलभराव की समस्या का समाधान किया जाएगा। पश्चिमी उप्र के साथ-साथ मेरठ में तीन दिन की बारिश ने न केवल नगर निगम की नाले-नालों की कलई खोल दी, बल्कि कैंट बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगा दिए। शहर में नगर निगम के साथ-साथ कैंट बोर्ड क्षेत्र के नागरिकों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा। अभी तो बारिश के लगभग तीन से चार महीने हैं। भविष्य में नागरिकों को जलभराव की समस्या का सामरना न करना पड़े इसलिए कैंट भाजपा विधायक अमित अग्रवाल ने सोमवार को कैंट बोर्ड में कैंट बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी जाकिर हुसैन, नगर निगम के नगर आयुक्त सौरभ गंगवार तथा पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता अंकित कुमार के साथ बैठक की।



विधायक ने आबूनाले के अलावा जामुन मोहल्ला व मैदा मोहल्ला से लालकुर्ती थाने के पीछे से होते हुए बाउंड्री रोड तक जा रहे नाले में बाधित हो रहे पानी के प्रवाह का मुद्दा प्रमुखता से रखा। ये दोनों नाले जल प्रवाह ठीक न होने के कारण बारिश में ओवरलो हो जाते हैं, जिससे नालों का पानी सड़क तथा आसपास के क्षेत्र में भर जाता है। इसका प्रमुख कारण नालों के पुलों के पास जमा गंदगी और कूड़ा करकट है। कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छावनी परिषद एवं नगर निगम द्वारा लोक निर्माण विभाग के समन्वय बनाकर आबू नाले सहित सभी प्रमुख नालों और पुलों के नीचे जमा गाद, कचरे एवं गंदगी की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। पुलों के पास विशेष सफाई व्यवस्था बनाई जाए, ताकि पानी के बहाव में रुकावट न आए और बारिश के समय जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

बैठक में जलभराव वाले संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर स्थायी समाधान की कार्ययोजना तैयार करने, नालों की समय-समय पर मॉनिटरिंग करने एवं आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था मजबूत करने पर भी चर्चा की गई। कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने कहा कि जनता की सुविधा और शहर को जलभराव की समस्या से राहत दिलाना प्राथमिकता है। छावनी परिषद, नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग के समन्वय से प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। बैठक में मंडल अध्यक्ष गौरव हुरिया सहित छावनी परिषद, नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बासमती धान के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

» संवाददाता

मेरठ। उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति के तहत निर्यातोन्मुख कृषक उत्पादन संगठन क्लस्टरों के किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में सोमवार को बासमती निर्यात विकास प्रतिष्ठान मोदीपुरम में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन बासमती निर्यात विकास प्रतिष्ठान मोदीपुरम तथा कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। जनपद मेरठ के दो, गौतमबुद्ध नगर के एक तथा मुजफ्फरनगर के दो कृषक उत्पादन संगठनों के बासमती धान क्लस्टरों का दौलत ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, बहजोई संभल के साथ एमओयू कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से किसानों को गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, बेहतर विपणन व्यवस्था और निर्यात बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी। कार्यक्रम में बीईडीएफ के संयुक्त निदेशक रितेश शर्मा, सहायक कृषि विपणन अधिकारी राहुल यादव, मेरठ एवं सहारनपुर मंडल के अधिकारी और विभिन्न जनपदों के निरीक्षक और कृषक उत्पादन संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ताइक्वांडो पुम्से सेमिनार एवं बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का सफल आयोजन



» संवाददाता

मेरठ। पांडव नगर स्थित प्लेफिट ताइक्वांडो एकेडमी के तत्वावधान में ताइक्वांडो पुम्से सेमिनार एवं बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि संजय सिंह सैनी (पार्षद वार्ड 50)तथा विशिष्ट अतिथि अभिषेक अग्रवाल, (महामंत्री भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा) रहे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह खेल अनुशासन, आत्मरक्षा तथा खेल भावना को जीवन में अपनाने का संदेश देता है। इस अवसर पर सूर्यांश पाठक ने टेस्ट रेफरी तथा रोहित कुमार ने निर्णायक की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। वरिष्ठ ताइक्वांडो खिलाड़ी पूर्णेंदु झा सेमिनार के मुख्य प्रशिक्षक रहे। उन्होंने वर्तमान समय में आत्म रक्षा कला ताइक्वांडो की महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभागियों को ताइक्वांडो की ब्रेकिंग आर्ट तकनीकों, बेल्ट ग्रेडिंग के महत्व तथा मार्शल आर्ट के मूल सिद्धांतों से अवगत कराया। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान साउथ कोरिया से ब्लैक बेल्ट प्राप्त आद्या झा ने ब्रेकिंग आर्ट तथा कलात्मक पुम्से का अदभुद प्रदर्शन किया।

## आर्चर सोनिका ने बिखेरी स्वर्णिम चमक

» संवाददाता

मेरठ। बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में डिस्ट्रिक्ट इंटरस्कूल चैंपियनशिप में कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम की आर्चरी रेंज पर अभ्यास करने वाले आर्चर्स ने अपने-अपने आयुवर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम को ओवरऑल चैंपियनशिप दिलाई। टीम की सफलता पर प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी, तो वहीं खिलाड़ियों ने सफलता को श्रेय प्रशिक्षकों के उचित मार्गदर्शन और अभ्यास को दिया। आर्चरी कोच पूजा सिंह ने बताया बीडीएस स्कूल में हुई प्रतियोगिता में के अंडर-13 इंडिविजुअल कैटेगरी में ब्वायज में गर्व चौधरी ने गोल्ड और वशिष्ठ ने ब्रांज मेडल हासिल किया। जबकि इसी आयु वर्ग की टीम इवेंट में गर्व चौधरी और विहान वशिष्ठ ने गोल्ड जीता। इधर अंडर-13 इंडिविजुअल गर्ल्स में शौर्य ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंडर-17 इंडिविजुअल की ब्वाजय कैटेगरी में मयंक ने स्वर्ण पदक हासिल किया। उधर, अंडर-19 इंडिविजुअल में कांस्य जीतने के साथ ही सूर्याश ने अंडर-19 टीम इवेंट में अविरल और निहाल के साथ मिलकर गोल्ड हासिल किया। अंडर-19 इंडिविजुअल में बालिका वर्ग में ने सोनिका गोल्ड जीता। आर्चरी कोच पूजा सिंह ने कहा कि सरकारी स्तर पर तैयार हो रही आर्चरी रेंज का कार्य पूरा होते ही इस पर खिलाड़ियों को अंतराष्ट्रीय मानकों और परिस्थितियों का अनुभव कराया जा सकेगा।

## कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु सराबोर

» संवाददाता

मेरठ। परतापुर क्षेत्र की बृजविहार कॉलोनी में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव में सोमवार को कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर हो गए। भगवान के दिव्य विवाह की कथा, मंगल गीतों, भजनों और मनमोहक झांकियों ने पूरे पंडाल को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया। भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के स्वरूपों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। वृंदावन धाम से पधारे भागवताचार्य राधा चेतन महाराज ने कथा में बताया कि विदर्भ नरेश भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी जो माता लक्ष्मी का अवतार थीं। देवर्षि नारद से भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य स्वरूप, गुण और पराक्रम का वर्णन सुनकर उन्होंने मन ही मन उन्हें अपना जीवनसाथी स्वीकार कर लिया था लेकिन उनके भाई ने शत्रुता के कारण उनका विवाह चेदि नरेश दमघोष के पुत्र शिशुपाल से तय कर दिया था।

जब रुक्मिणी को इसका पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण से भगवान श्रीकृष्ण को संदेश भिजवाया। संदेश मिलते ही भगवान विदर्भ पहुंचे और शिशुपाल सहित उसके सहयोगी राजाओं को परास्त कर रुक्मिणी का हरण कर लिया। इसके बाद द्वारका में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी का दिव्य विवाह संपन्न हुआ। इस प्रसंग का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भक्ति और आनंद में डूब गए। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का स्वरूप धारण किए बाल कलाकारों की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

## आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में सख्ती के निर्देश

मेरठ। मेरठ सीडीओ नूपुर गोयल ने सोमवार को विकास भवन सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन-शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। सीडीओ ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्वयं शिकायतों की मॉनिटरिंग करने का निर्देश देते हुए कहा कि आईजीआरएस सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ, नगर मजिस्ट्रेट, जिला सूचना अधिकारी, डीपीआरओ, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त बीडीओ सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में दीक्षोत्सव-2026 के अंतर्गत मां-बेटी सम्मेलन के तहत छात्राओं के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने की। शिविर का उद्देश्य छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था। इस दौरान लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज, मेरठ की प्रो. डॉ. अरुणा वर्मा और प्रो. डॉ. श्वेता शर्मा ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श दिया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने छात्राओं को एनीमिया से बचाव, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, आयरन और कैल्शियम युक्त भोजन, नियमित व्यायाम एवं योग, पर्याप्त नींद, मानसिक स्वास्थ्य और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी। साथ ही मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, पोषण का विशेष ध्यान रखने और किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर बिना संकोच चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञों ने बताया कि सही जीवनशैली अपनाकर कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूर्व प्रति कुलपति प्रो. मृदुल गुप्ता, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. भूपेंद्र राणा, शोध निदेशक प्रो. बीर पाल सिंह और प्रो. अलका तिवारी भी मौजूद रहे।

# शास्त्री नगर में पसरा सन्नटा, बाजार रहे बंद, लोगों में दहशत

» संवाददाता

मेरठ। सेंट्रल मार्केट और शास्त्री नगर के अन्य आवास योजना भावनाओं में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने के मामले में मंगलवार यानी आज सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। व्यापारियों व क्षेत्र वासियों की ओर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद पक्ष रखेंगे। व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को दिल्ली में पूर्व कानून मंत्री व वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद से भेंट की और इस मामले को लेकर चर्चा की।

आवास एवं विकास परिषद की ओर से सेट बैक को लेकर की गई अब तक कार्रवाई की रिपोर्ट दी जाएगी। शास्त्रीनगर मामले में सर्वोच्च न्यायालय में आज सुनवाई होगी। इसको लेकर आज दिन भर शास्त्री अगर में लोगों में दहशत नजर आई पूरा बाजार बन रहा। सुप्रीम कोर्ट में आज इस मामले को सुनवाई होगी। व्यापारियों की ओर से पूर्व कानून मंत्री और परवरिश अधिवक्ता सलमान खुर्शीद व्यापारी और क्षेत्र वासियों की ओर से पक्ष रखेंगे। सोमवार को सलमान खुर्शीद से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदीप जैन पर व्यापारियों ने शिष्टाचार भेंट की और इस मामले को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान एडवोकेट राहुल मलिक और एडवोकेट भविष्य मखीजा ने ब्रीफ किया।



साथ में अमित गुप्ता एवं संयम जैन भी उपस्थित रहे। बैठक में शास्त्रीनगर के व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों से जुड़े विभिन्न तथ्यों, न्यायिक पक्ष तथा आगामी सुनवाई की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सुदीप जैन ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में होने वाली सुनवाई में वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद व्यापारियों का पक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों को न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास है तथा आशा है कि न्यायालय के समक्ष सभी तथ्य और कानूनी पहलू मजबूती से रखे जाएंगे।

## अनुशासन समिति का गठन कर शपथ दिलाई

» संवाददाता

मेरठ। कैंट स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में डीएलएसए द्वारा एआई रोबोटिक्स लैब और अनुशासन समिति का गठन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नम्रता सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रही। अन्य अतिथियों में अशोक संयोजक राजकीय बालग्रह मेरठ, धीरज पुंडीर प्रोफेसर एवं डीन एकेडिमक आईटी डिपार्टमेंट दीवान कालेज ऑफ इंजी. एंड टेक्नोलोजी, प्रतिभा सुकुन सहायक प्रोफेसर बीटेक डिपार्टमेंट दीवान कॉलेज आदि रहे। सभी ने अनुशासन समिति में पद ग्रहण करने वाले छात्रों को सम्मानित किया, साथ ही बच्चों की अत्याधुनिक स्कूल की एआई रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन किया।



## प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार हो रहे 51 क्विंटल लड्डू

» एजेंसी । जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद आ रहे हैं। इस दिन प्रधानमंत्री देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री के जींद आगमन को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु 51 क्विंटल लड्डूओं का प्रसाद तैयार कराया जा रहा है। सोमवार को डा. कृष्ण मिड्ढा स्वयं लड्डू तैयार किए जाने के स्थान पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से बूंदी बना कर प्रसाद तैयार करने के कार्य में सहभागिता की तथा सभी कारीगरों और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद आगमन प्रदेश के लिए गौरव और ऐतिहासिक अवसर है। उनके स्वागत को यादगार बनाने के लिए कार्यकर्ता और आमजन पूरे उत्साह के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि 51 क्विंटल लड्डूओं का प्रसाद जींदवासियों की श्रद्धा, प्रेम और सम्मान का प्रतीक है।

## शहर में धूमधाम से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

» एजेंसी । फरीदाबाद

श्री जगन्नाथ सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से निकाली जाने वाली भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की वार्षिक रथ यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिर के प्रधान नित्यानंद राऊत ने बताया कि 16 जुलाई को शाम 4 बजे मंदिर परिसर से सुंदर फूलों से सुसज्जित रथ यात्रा विधि-विधान के साथ रवाना होगी। यात्रा सेक्टर-17 लेबर चौक के पास स्थित मासी घर पहुंचेगी, जहां भगवान नौ दिन विराजमान रहेंगे। इसके बाद 24 जुलाई को रथ यात्रा पुनः मंदिर लौटेगी। राऊत ने कहा कि यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और पूरे मार्ग की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी।

## टीबी रोगियों को राशन किट वितरित की गई

» एजेंसी । फरीदाबाद

जिला नागरिक अस्पताल में क्षय रोग से ग्रसित मरीजों को पोषण सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 28 टीबी मरीजों को राशन किट वितरित की गई। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरजिंदर सिंह, डॉ. राजेश श्योकंद, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. गजराज, डॉ. हितेश नागर तथा टीबी-एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत सहित अन्य उपस्थित रहे। डॉ जयंत अहूजा ने कहा कि टीबी के उपचार के साथ-साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार भी शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# अतिरिक्त न्यायालयों के निर्माण से अधिक मामलों की सुनवाई होगी संभव

» एजेंसी । गुरुग्राम

टावर ऑफ जस्टिस के लोकार्पण के मौके पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अतिरिक्त न्यायालयों के निर्माण से अधिक मामलों की सुनवाई संभव होगी। लंबित मामलों के निस्तारण में गति आएगी और विशेष रूप से कॉमर्शियल डिस्प्यूट तथा नेगोशियबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट से जुड़े मामलों के लिए अधिक न्यायिक क्षमता उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता सदैव ऐसी न्याय व्यवस्था का निर्माण होनी चाहिए जो दक्ष भी हो और निष्पक्ष भी। न्याय में गति आवश्यक है, परन्तु वह कभी भी संवैधानिक मूल्यों की कीमत पर प्राप्त नहीं की जा सकती। इस परिसर में आधुनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तथा सुव्यवस्थित ज्यूडिशियल मालखाना जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। इस



परियोजना की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता प्रस्तावित इंटरनेशनल आर्बिटेशन सेंटर है जो उच्च न्यायालय के संरक्षण में संचालित होगा।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य ऐसी न्यायपालिका का निर्माण है जो आधुनिक हो, किन्तु मानवीय भी हो, तकनीकी रूप से उन्नत हो, किन्तु संविधान के मूल्यों में दृढ़ता से निहित भी और प्रत्येक वाद के पीछे छिपे मानवीय जीवन को समझने वाली संवेदनशील संस्था भी बनी रहे। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य मामलों का शीघ्र निस्तारण करना तो है ही उसके साथ प्रयास यह भी होना चाहिए कि कोई भी नागरिक आर्थिक, सामाजिक अथवा प्रक्रियागत कठिनाइयों के कारण स्वयं को न्याय से वंचित न महसूस करे। उन्होंने कहा कि टावर ऑफ जस्टिस केवल एक भव्य इमारत न रहे, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए निष्पक्ष, प्रभावी और संवेदनशील न्याय का प्रतीक बनेगा।

**संविधान की मर्यादा का केंद्र है टॉवर ऑफ जस्टिस : मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम में निर्मित अत्याधुनिक टावर ऑफ जस्टिस न्यायिक परिसर संविधान की मर्यादा, न्यायपालिका की गरिमा और नागरिकों के न्याय पर अटूट विश्वास का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए आर्थिक प्रगति के साथ-साथ त्वरित, सुलभ एवं पारदर्शी न्याय व्यवस्था भी उतनी ही आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम आज ज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, स्टार्टअप और वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बन चुका है। ऐसे शहर में आधुनिक न्यायिक परिसर की स्थापना न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जिस भवन की आधारशिला रखी गई थी, उसका लोकार्पण आज भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के कर कमलों से होना एक प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक संयोग है।

# दुर्गा शक्ति टीम ने सरकारी स्कूल नया गांव में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस का दिया प्रशिक्षण

» एजेंसी । बहादुरगढ़

पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह के कुशल नेतृत्व में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बहादुरगढ़ स्थित गवर्नमेंट स्कूल नया गांव में सेल्फ डिफेंस जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में झज्जर पुलिस की मुख्य सिपाही टीना ने छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रभावी तरीके सिखाए तथा विषम परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के लिए आवश्यक जानकारी दी। मुख्य सिपाही टीना ने छात्राओं को बताया कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक तकनीकों तक सीमित नहीं है बल्कि सतर्कता, आत्मविश्वास और सही समय पर उचित निर्णय लेना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उन्होंने छात्राओं को हाथ पकड़ने, पीछे से पकड़ने तथा अन्य सामान्य हमलों से बचने की सरल और प्रभावी



तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर अभ्यास कराया।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को घर, स्कूल, सार्वजनिक स्थानों और यात्रा के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112 पर कॉल करने तथा महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े उपलब्ध पुलिस संसाधनों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य सिपाही टीना ने छात्राओं से कहा कि वे किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, धमकी या संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न करें बल्कि तुरंत अपने अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को इसकी सूचना दें। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वासी बनने, निर्भीक होकर अपनी बात रखने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

## नशा तस्करों पर पुलिस का शिकंजा, 13 आरोपी गिरफ्तार

» एजेंसी । सिरसा

पुलिस ने जिले क्षेत्र से नशा तस्करी में संलिप्त 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने सोमवार को बताया कि जिले में नशे की सप्लाई चेन को पूरी तरह ध्वस्त करने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीमें नशा तस्करों के ठिकानों, संदिग्ध गतिविधियों और उनके नेटवर्क पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर नशा कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और आने वाले दिनों में भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। एसपी ने बताया कि नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को आमजन और ग्राम पंचायतों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। हाल ही में नाथूसरी कलां ग्राम पंचायत ने गांव में यह संकल्प लिया है कि नशा तस्करी या नशे से जुड़े किसी भी व्यक्ति की जमानत नहीं कराई जाएगी। यदि कोई व्यक्ति ऐसे आरोपियों की पैरवी या जमानत करेगा तो सामाजिक स्तर पर उसका बहिष्कार किया जाएगा।

# समझौता लागू नहीं होने पर पालिका व फायर कर्मियों ने हड़ताल का ऐलान

» एजेंसी । फरीदाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ और हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन की ओर से दौलतराम धर्मशाला में जिला स्तरीय रैली आयोजित की गई। रैली में कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए 6, 7 और 8 अगस्त को प्रदेशव्यापी तीन दिवसीय हड़ताल करने की घोषणा की। रैली की अध्यक्षता जिला प्रधान दलित बोहत ने की, जबकि संचालन जिला सचिव अनिल चंडालिया ने किया। इसमें नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, महासचिव मांगेराम तिगरा, उप महासचिव सुनील चंडालिया तथा हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि 13 मई की वार्ता में सरकार ने कर्मचारियों की 17 प्रमुख मांगों पर सहमति जताते हुए 30 जून तक आदेश जारी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई पत्र जारी नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि सरकार की नीयत में खोट है और कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी की गई है। उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगों में कच्चे और अनुबंधित कर्मचारियों को नियमित करना, ठेका प्रथा समाप्त करना, न्यूनतम वेतन, ईएसआई-ईपीएफ की सुविधा, रिक्त पदों पर भर्ती, पदोन्नति, सेवानिवृत्ति सम्मान राशि और फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद फायर कर्मियों के परिजनों को आर्थिक सहायता और रोजगार देना शामिल है। रैली में सर्व कर्मचारी संघ के आगामी आंदोलन का समर्थन करते हुए 30 जुलाई से होने वाली जिला स्तरीय रैलियों और 12 दिसंबर को प्रस्तावित राष्ट्रीय रैली में भाग लेने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। रैली में बड़ी संख्या में पालिका और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी शामिल हुए।

## ऊर्जा दक्षता अपनाकर उद्योग लागत घटाएं : श्याम सुंदर कपूर

» एजेंसी । फरीदाबाद

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से औद्योगिक संस्था ऑल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई (आईफोम) द्वारा ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के उपक्रम ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) के सहयोग से फरीदाबाद में 'एनर्जी एफिशिएंसी' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से 53 उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईफोम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर ने कहा कि ऊर्जा की बचत केवल खर्च कम करने का माध्यम नहीं, बल्कि उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने का भी प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा दक्षता अपनाकर उद्योग उत्पादन लागत में कमी लाने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यशाला में बीईई के निदेशक पी. श्याम सुंदर ने केंद्र सरकार की "अदिति" योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि उद्यमियों से इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

# बीएलओ से मारपीट मामले में अध्यापकों में रोष, डीसी-एसपी को सौंपा ज्ञापन

» एजेंसी । सिरसा

जिले क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान बीएलओ हरपाल सिंह के साथ हुई मारपीट व दुर्व्यवहार को लेकर अध्यापकों में रोष है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ सिरसा की ओर से उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक सिरसा को ज्ञापन दिया गया। संघ के जिलाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि शिक्षक हरपाल सिंह नाथूसरी चौपटा में मतदाताओं के घर-घर जाकर एसआईआर के तहत फॉर्म वितरित करने और उन्हें ऑनलाइन करने की सरकारी ड्यूटी का निष्पादन अत्यंत निष्ठापूर्वक कर रहे थे। बीती 10 जुलाई को जब वह अपने सहायक दीपक कुमार के साथ मतदाताओं के घर गए हुए थे, तब आरोपी धर्मवीर मोठिया ने न केवल सरकारी कार्य में बाधा डाली, बल्कि शिक्षक के साथ अत्यधिक अभद्र व अमर्यादित दुर्व्यवहार किया। इसके बाद आरोपी द्वारा शिक्षक हरपाल सिंह के साथ बुरी तरह मारपीट की गई और उनके कपड़े तक फाड़ दिए गए। इस संबंध में पुलिस थाना नाथूसरी चौपटा में आरोपी धर्मवीर मोठिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन अभी तक उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील राष्ट्रीय कार्य में लगे एक शिक्षक के साथ सरेआम इस प्रकार की मारपीट और गुंडागर्दी की घटना से समस्त शिक्षक समाज में भारी रोष, भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844